कृषि इंजीनियरिंग कालेज के मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। चन्द्रशेखर आजाद .षि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर .षि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के आवासीय परिसर में स्थापित हनुमान मंदिर पर अधिष्ठाता द्वारा सुन्दरकाण्ड, भण्डारा एवं दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुन्दरकाण्ड एवं दीपोत्सव कार्यक्रम में भाग लेकर भगवान श्रीराम की आगवानी करते हुये भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। अधिष्ठाता ने इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिये प्रमुख रूप से छात्रों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही अवगत कराया कि शिक्षण संस्थाओं का लक्ष्य छात्र–छात्राओं से शैक्षिक उन्नयन के साथ–साथ आध्यात्मिक मूल्यों का समावेश भी करता है। आवासीय महाविद्यालय में मन्दिर आध्यात्मिकता को साथ जोड़कर छात्र–छात्राओं को मनोवैज्ञानिक रूप से भी मजबूत बनाता है। इस आयोजन के लिये अधिष्ठाता डा0 एनके शर्मा ने सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा0 टीके माहेश्वरी के प्रयासों का सराहना की।

शपथ ग्रहण के साथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया

इकबाल कुरैशी की रिपोर्ट इटावा

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित बाबा साहब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इटावा में आज सामूहिक शपथ ग्रहण के साथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा0एन0के0 शर्मा ने सभी उपस्थित शिक्षक, कर्मचारियों व छात्र–छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि मतदान भारतीय लोकतंत्र में देश की जनता के सबसे महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक है, जो लोकतंत्र में एक अच्छी सरकार को बनाने और देश के लोकतंत्र को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है। अक्सर लोग मतदान की बड़ी ताकत को नही समझते और सही समय पर मतदान करने नहीं जाते हैं ऐसे ही लोकतंत्र की ताकत से अनजान लोगों को मतदान का महत्व बताने व उन्३ उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए हर साल दिनांक 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को सामूहिक रूप से मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ भी दिलाई और सभी को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया कि वे सभी लोग अपने आसपास परिवार या पड़ोस में उन सभी लोगों को जिनकी उम्र इस वर्ष 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, से अनुरोध किया कि वे सभी अपना मत अवश्य ही बनवाएं और अपने मताधिकार के हक का पूर्ण रूप से प्रयोग भी करें। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक, गैर शैक्षणिक कार्मिक एवं छात्र–छात्रायें भी मौजूद रहा।